जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7302 / 2024 दिनांकः 15 अक्टूबर, 2024

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,विश्वविद्यालय परिसर।
02. प्राचार्य / प्राचार्या।
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः– स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर के आनलाईन परीक्षा फार्म 'समर्थ पोर्टल' के माध्यम से पूरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक **उ0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्याः 2628 / सत्तर–3–2024, दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 (छायाप्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र **2024–25** से सभी विद्यार्थियों के स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के आनलाईन परीक्षा फार्म **'समर्थ पोर्टल'** के माध्यम से अनिवार्यरूपेण पूरित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

तत्क्रम में सूच्य है कि आनलाईन परीक्षा फार्म सम्बन्धी पूर्ववर्ती व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए यथावर्णित **'समर्थ पोर्टल'** के माध्यम से **स्नातक तृतीय, पंचम एवं यथावश्यक सप्तम सेमेस्टर** तथा **परास्नातक तृतीय सेमेस्टर** के ऐसे विद्यार्थी, जिनका **'समर्थ पोर्टल'** पर स्टूडेन्ट डाटा लागिन किया जा चुका है, उन्हें **'समर्थ पोर्टल'** पर सीधे अपने लागिन के माध्यम से आनलाईन परीक्षा फार्म पूरित कराने तथा जिनका **'समर्थ पोर्टल'** पर स्टूडेन्ट डाटा लागिन नहीं हुआ है, उनका स्टूडेन्ट डाटा लागिन कराते हुए **दिनांकः 26 अक्टूबर, 2024** तक आनलाईन परीक्षा फार्म पूरित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. **माननीय कुलपति जी।**
2. **जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।**
3. **प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।**
4. **सम्बन्धित पत्रावली।**

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

महत्वपूर्ण

संख्या- 2628 /सत्तर-3-2024

प्रेषक,

शिपू गिरि,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक : 15 अक्टूबर, 2024

विषयः समर्थ ई.आर.पी. के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1149/सत्तर-3-2024, दिनांक 24.05.2024 एवं पत्र संख्या-1168/सत्तर-3-2024, दिनांक 28.05.2024 की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए, अवगत कराना है कि प्रदेश स्थित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से समर्थ ई.आर.पी. का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 28.05.2024 द्वारा प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सभी विद्यार्थियों का नामांकन/इनरोलमेन्ट अनिवार्य रूप से समर्थ ई.आर.पी. के माध्यम से ही कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2- उक्त के क्रम में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि कृपया वर्तमान शैक्षणिक सत्र में सभी विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म भी अनिवार्य रूप से समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही भराया जाना सुनिश्चित करें। यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाती है, तो सम्बन्धित कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित किये जाने की कार्रवाई की जायेगी।

भवदीय
Signed by Sipu Giri
Date: 14-10-2024 18:09:17
(शिपू गिरि)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- कुलपति, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
2- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0।
3- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,उ0प्र0 शासन।
4- निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री गिरि), उच्च शिक्षा विभाग,उ0प्र0 शासन।
5- डॉ0 संजीव सिंह, प्रिंसिपल इन्वेस्टीगेटर, प्रोजेक्ट समर्थ, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
6- अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ।
7- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
8- डॉ0 संजय दिवाकर, उप निदेशक (तकनीकी), रूसा।
9- प्रो0 दिनेश चन्द्र शर्मा, कु0 मायावती महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।

आज्ञा से,
(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव।